St. LAWRENCE HIGH SCHOOL
A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

Hindi Grammar : (2nd Term) **(Answer Worksheet –14)** **Date: 21.09.2020**
Topic: अनुच्छेद लेखन **Class -4**

'मेरा गाँव ' विषय पर एक अनुच्छेद लिखो |

संकेत बिंदु :-

- गाँव का परिचय
- गाँव का वातावरण
- गाँव के लोग
- गाँव का महत्त्व

मेरा गाँव

सबको अपना गाँव प्यारा लगता है | मुझे भी अपना गाँव बहुत अच्छा लगता है | मेरे गाँव का नाम लखनपुर है | यह छोटा सा गाँव है | हमारे देश की आत्मा ही हमारा गाँव है |

मेरा गाँव बहुत हरा - भरा है | यहाँ खेतों में अच्छी फसलें होती है | मेरे घर के पास एक तालाब है , जहाँ हम बच्चे तैरना सीखते थे | एक मंदिर भी है जहाँ सुबह- शाम घंटे और शंख की आवाज सुनाई देती है | यहाँ पर खेती ,पशु - पालन और लघु उद्योग है | लोग इन कर्मो में ही लगे है | खेतों में पुरुष - स्त्री दोनो काम करते है | मेरे गाँव का विकास हो रहा है | जगह - जगह शौचालय खुल गए है | चारोंतरफ सफाई है | अस्पताल और विद्यालय भी खुल रहे है , जिससे किसी को शहर को जाने की आवश्यकता न पड़े |

मेरे गाँव में सभी धर्मो के लोग है |, जो आपस में मिल - जुलकररहते है | गाँव के लोग भोले - भाले , गरीब किन्तु ईमानदार है | वे सुबह - शाम खेतों में कठिन मेहनत करते है | उन्हें खाने में सुखी रोटी और चटनी ही नसीब होती है | हमारे देश में गाँव का बहुत महत्त्व होता है | किसान हमारे अन्नदाता है |अगर वे खेती न करे तो , हमें खाने को कुछ भी नहीं मिलेगा | सरकार अब गाँव के विकास की ओर ध्यान दे रही है | मेरा गाँव एक आदर्श गाँव है |

Poonam Mehra